# YAG कैप्सूलोटमी

## रोगियों के लिए जानकारी पुस्तिका



## YAG कैप्सूलोटमी के विषय में

पश्चवर्ती पर्दा आँख के लैंस के पीछे स्थित एक महीन झिल्ली होती है। कृत्रिम लैंस आरोपण में मदद हेतु मोतियाबिन्द सर्जरी के बाद इस पर्दे को आँख में ही छोड़ दिया जाता है।

लगभग 10% मोतियाबिन्द रोगियों में, पारदर्शी झिल्ली में धुंधलापन आने के कारण दृष्टि में धीरे-धीरे कमी आती है। सर्जरी के कई महीनों अथवा वर्षों के पश्चात भी यह धुंधलापन हो सकता है। यदि पर्दे में धुंधलापन आ जाता है, तो दृष्टि में सुधार लाने हेतु YAG लेज़र कैप्सूलोटमी करनी होती है। YAG का अर्थ है यट्रिउम, एल्युमिनियम और गार्नेट क्रिस्टल, जो लेज़र उत्पन्न करते हैं।

## मुझे YAG कैप्सूलोटमी क्यों करवानी चाहिए?

कभी-कभी, पश्चवर्ती पर्दे का धुंधलापन अत्यंत गाढ़ा हो जाता है। यह धुंधलापन आँख को हानी नहीं पहुंचाता परन्तु यह प्रारंभिक मोतियाबिन्द की तरह ही दृष्टि को प्रभावित कर सकता है।

यदि दृष्टि में अत्यंत कमी आ जाती है तो YAG कैप्सूलोटमी करनी चाहिए। YAG कैप्सूलोटमी चमक को कम करती है और दृष्टि में प्रारंभिक मोतियाबिन्द सर्जरी के पश्चात की स्थिति जैसा सुधार आ जाता है।

YAG कैप्सूलोटमी एक बिना चीड़-फाड़ के सुरक्षित ऑपरेशन है, और इससे गंभीर समस्याओं का उत्पन्न होना दुर्लभ होता है।

## आपका ऑपरेशन-पूर्व आंकलन

इस अपॉइंटमेंट में हमारी क्लीनिकल टीम आपकी दृष्टि का परीक्षण करेगी और आँख का दाब चैक करेगी।

डॉक्टर द्‌वारा निरीक्षण से पूर्व पुतलियों को फैलाने के लिए दोनों आंखों में ड्रॉप डाले जायेंगे। कृप्या यह जान लें कि लगभग 4 घंटों के लिए ये ड्रॉप आपकी दृष्टि को धुंधला बना देंगे, अत: आपको इस अपॉइंटमेंट के बाद घर तक ले जाने के लिए किसी का साथ होना आवश्यक है।

अपने पूर्व-आंकलन के दौरान आप हमारी क्लीनिकल टीम के सदस्यों से किसी भी प्रकार के प्रश्न अथवा जिज्ञासा का उत्तर प्राप्त कर सकते(ती) हैं।

अपनी पूर्व-आंकलन अपॉइंटमेंट में अपनी आँख के निरीक्षण के लिए आप डॉक्टर से मिलेंगे(गी)। आवश्यकतानुसार, आप प्रस्तावित YAG लेज़र ऑपरेशन के लिए अपनी स्वीकृति पर हस्ताक्षर करेंगे(गी) और फिर इस ऑपरेशन के लिए वापिस आने के लिए आपको एक अपॉइंटमेंट दी जायेगी।

एक समय पर हम केवल एक आँख का उपचार ही करते हैं, अत: यदि दोनों आंखों में YAG लेज़र उपचार की आवश्यकता है तो आपके लिये लगभग दो सप्ताहों के अंतराल पर दो अपॉइंटमेंटे निर्धारित की जायेंगी।

## ऑपरेशन

पहले आपकी दृष्टि चैक की जायेगी, अत: इस अपॉइंटमेंट पर कृप्या अपना चश्मा अपने साथ लायें। पुतलियों को फैलाने के लिए एक अथवा दोनों आंखों में ड्रॉप डाले जायेंगे जो कई घंटों के लिये आपकी दृष्टि को धुंधला कर सकते हैं।

**इन ड्रोपों के प्रयोग के पश्चात आप अपने घर ड्राइव करके नहीं जा सकेंगे(गी), अत: कृप्या अपने साथ किसी साथी को लेकर अथवा उपयुक्त ट्रांसपोर्ट व्यवस्था करके आयें।**

यह ऑपरेशन को एक पारंपरिक स्लिट लैंप (माइक्रोस्कोप) से जुड़ी लेज़र मशीन से किया जाता है। उपचार से पूर्व निश्चेतक ड्रॉप टपकायें जाते हैं। लेज़र किरण को केन्द्रित करने और आँख को खुली रखने के लिये आँख पर एक कांटैक्ट लैंस रखा जा सकता है।

यह ऑपरेशन लगभग 5-10 मिनट में हो जाता है, इस दौरान आपको बीप की आवाज़ सुनाई और चमकीली रोशनियां दिखाई देंगी। इसमें अत्यंत कम कष्ट होता है।

SpaMedica NHS

## उपचार के पश्चात

YAG लेज़र उपचार के तुरन्त पश्चात आपकी दृष्टि धुंधली हो जाती है, परन्तु इसमें अगले कुछ घंटों में ही सुधार हो जाता है।

- आम तौर पर, आपको आँख में 'फ्लोटर्स' दिखाई दे सकते हैं, परन्तु पहले दो सप्ताहों में ही ये रुकना आरम्भ हो जाते हैं।

- यदि आपको 'फ्लोटर्स' की अचानक बरसात, रोशनी की चमक दिखाई देने लगे अथवा आपकी दृष्टि पर पर्दा पड़ना जैसा अनुभव होने लगे, तो आपको दिये गये फ़ोन संख्या पर SpaMedica को संपर्क करना चाहिये क्योंकि यह रेटिना की पृथकता का चिन्ह हो सकता है।

- यदि उपचार के पश्चात आपको अत्यंत दर्द अथवा दृष्टि में कमी का अनुभव हो, तो भी आपको SpaMedica से संपर्क करना चाहिये।

- कुछ रोगियों को बाह्य-रोगी क्लिनिक में फॉलो-अप अपॉइंटमेंटो की आवश्यकता हो सकती है। यदि आपको अतिरिक्त अपॉइंटमेंट की आवश्यकता होती है तो आपको जाने से पूर्व लेज़र ऑपरेटर द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।

- आप अगले दिन से ड्राइविंग पुन: प्रारम्भ कर सकते(ती) हैं।

- ऑपरेशन के एक सप्ताह के पश्चात आपको किसी चश्मा बनाने वाले के पास जाने की आवश्यकता हो सकती है।

# YAG कैप्सूलोटमी के जोख़िम

किसी भी अन्य चिकित्सीय ऑपरेशन की तरह लेज़र उपचार के अपने जोख़िम होते हैं। दृष्टि में सुधार की कोई गारंटी नहीं दी जा सकती है। यद्यपि, गंभीर जटिलताएं कभी-कभार ही होती हैं। YAG कैप्सूलोटमी के जोखिमों में निम्न सम्मिलित हैं :

- रेटिना पृथकता - आँख की अंदरूनी परत को रेटिना कहते है और यह अलग हो सकती है। यदि इसका उपचार नहीं किया जाये, तो आंखों की रोशनी में कमी अथवा पूर्ण क्षति हो सकती है। यद्यपि, शीघ्र पता चलने पर इसका सफलतापूर्वक उपचार किया जा सकता है। रेटिना पृथकता का मामला यदा-कदा ही होता है।

- मैकुलर एडिमा - रेटिना में सूजन आने के कारण दृष्टि में धुंधलापन आ सकता है। इसका चिकित्सीय प्रणाली द्वारा उपचार किया जा सकता है, लेकिन सुधार आने में कई सप्ताहों का समय लग सकता है। आम तौर पर, YAG कैप्सूलोटमी के पश्चात मैकुलर एडिमा की संभावना कभी-कभार ही होती है, परन्तु मधुमेह में यह कॉमन होती है।

- ऑपरेशन से कांचबिंदु (ग्लौकूमा) खराब हो सकता है अथवा आंतराक्षि दाब (इंट्राओकुलर प्रैशर) में क्षणिक वृद्धि हो सकती है। आम तौर पर इसका चिकित्सीय प्रणाली द्वारा उपचार किया जा सकता है।

- कभी-कभार YAG लेज़र से आँख का लैंस को क्षति हो सकती है जिससे देखने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। असाधारण परिस्थितियों में, लैंस अव्यवस्थित हो सकता है अथवा बाद में उसके बदलने की आवश्यकता हो सकती है।

- अत्यंत कम परिस्थितियों में, YAG कैप्सूलोटमी ऑपरेशन के पश्चात आँख की अच्छी रोशनी प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त चिकित्सीय अथवा लेज़र उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

SpaMedica NHS

## तुरन्त सहायता प्राप्ति हेतु हमारे निम्न आपातकाल नम्बर पर फ़ोन करें : 0161 838 0883

- ऑपरेशन की गई आँख में अथवा उसके इर्द-गिर्द धड़कता हुआ दर्द
- मिचली और उल्टी के साथ, अथवा उनके बिना, सामने की ओर विकट सिरदर्द जो पैरासिटामोल लेने के पश्चात भी चालू रहता है।
- दृष्टि में निरन्तर कमी आना अथवा आँख की रोशनी खोना
- अत्यन्त दर्द, चिपचिपा रिसाव अथवा पलक में सूजन के साथ आपकी आँख में बढ़ती लाली

सामान्य जानकारियों के लिये कृप्या फ़ोन करें : 0330 058 4280

## फीडबैक / शिकायतें

SpaMedica सदैव अपने रोगियों की सुनता है और हम आपके अच्छे व बुरे दोनों प्रकार के फीडबैक पर विचार करते हैं। कृप्या हमें बतायें कि हम क्या अच्छा करते हैं और क्या और अच्छा कर सकते हैं।

यदि आप हमारे द्वारा प्रदत सेवाओं से प्रसन्न नहीं हैं, तो कृप्या निम्न संपर्क विवरणों का प्रयोग करते हुये फ़ोन पर, व्यक्तिगत रूप से अथवा लिख कर हमें बतायें।

कृप्या अपनी अपॉइंटमेंट की तिथि और क्लीनिक के स्थान सहित अपनी चिंता को यथासंभव विस्तार से बतायें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
SpaMedica मुख्य कार्यालय
43 चर्चगेट
बोल्टोन
BL1 1HU

T: 0330 058 4280
E: contact@spamedica.co.uk

www.spamedica.co.uk

## संपर्क जानकारी :


SpaMedica Ltd
43 Churchgate
BOLTON
BL1 1HU

T: 0330 058 4280
E: clinic@spamedica.co.uk
W: www.spamedica.co.uk


यदि अपनी आँख के सम्बंध में आपकी कोई जिज्ञासा अथवा प्रश्न है, तो कृप्या SpaMedica को उपरोक्त नम्बर पर संपर्क करें।

यह नम्बर वर्ष के 365 दिन, प्रति दिन, 24 घंटे दोनों आपातकाल एवं सामान्य जानकारियों के लिये कार्यरत रहता है।

SpaMedica
www.spamedica.co.uk